बी एच ई एल
BHEL
# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
सीआईएन : L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालयः ''बीएचईएल हाउस'', सिरी फोर्ट, नई दिल्ली—110049
फोनः 011—66337598 वेबसाइटः www.bhel.com

## आर्टिज़न भर्ती – 2025

विज्ञा. 04/2025

**कंपनी प्रोफाइलः**

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), 1964 से भारत की प्रमुख इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम है, जो विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है, और भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों जैसे विद्युत (थर्मल, न्यूक्लियर, हाइड्रो और सोलर) उत्पादन, पावर, ट्रांसमिशन, रक्षा, एयरोस्पेस, रेल परिवहन, तेल और गैस, ई–मोबिलिटी में 180 से अधिक उत्पाद प्रस्तुतियों के साथ सेवा करती है। अपने व्यापक नेटवर्क जिसमें 16 विनिर्माण सुविधाएं, 09 सेवा केंद्र, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्र, 04 क्षेत्रीय कार्यालय, 02 मरम्मत इकाइयां, 3 सक्रिय संयुक्त उद्यम, और भारत और विदेश में 150 से अधिक वर्तमान परियोजना स्थल शामिल हैं, का लाभ उठाते हुए, बीएचईएल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी ने 2024–25 के लिए 28,339 करोड़ रुपये से अधिक का टर्नओवर हासिल किया। कंपनी की 90 से अधिक देशों में उपस्थिति के साथ दुनिया के सभी बसे हुए 6 महाद्वीपों में अपना पदचिह्न है।

बीएचईएल युवा और कुशल आर्टिज़ंस को पावर, उद्योग, ट्रांसमिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और एयरोस्पेस, तेल और गैस के क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एक चुनौतीपूर्ण और पुरस्कृत करियर प्रदान करता है।

बीएचईएल की निम्नलिखित विनिर्माण इकाइयां नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में आर्टिज़ंस की तलाश कर रही हैं:

**(A)** बॉयलर ऑक्जिलरीज प्लांट (BAP)– रानीपेट, तमिलनाडु, **(B)** हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट (HPVP) – विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश
**(C)** हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट (HERP) – वाराणसी, उत्तर प्रदेश, **(D)** इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (EDN) – बेंगलुरु, कर्नाटक, **(E)** फैब्रिकेशन, स्टैम्पिंग एंड इंसुलेटर प्लांट (FSIP) – जगदीशपुर, उत्तर प्रदेश, **(F)** हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट **(HEEP)** – हरिद्वार, उत्तराखंड, **(G)** सेंट्रल फाउंड्री एंड फोर्ज प्लांट **(CFFP)** – हरिद्वार, उत्तराखंड, **(H)** हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट (HPEP) – हैदराबाद, तेलंगाना, **(I)** हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (HEP) – भोपाल, मध्य प्रदेश, **(J)** ट्रांसफार्मर प्लांट (TP) – झांसी, उत्तर प्रदेश, **(K)** हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (HPBP) – तिरुचिरापल्ली

**आर्टिज़ंस ग्रेड IV – 2025 की आवश्यकता नीचे दिए गए विभाजन के अनुसारः**

| क्र.स. | पद | इकाइयां | | | | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | BAP | HPVP | HERP | EDN | FSIP | HEEP | CFFP | HPEP | HEP | TP | HPBP | |
| | | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) | (J) | (K) | |
| 1 | फिटर | 17 | 22 | 5 | 5 | 13 | 30 | 1 | 10 | 31 | 12 | 30 | 176 |
| 2 | वेल्डर | 35 | 10 | | | 3 | 10 | | | 3 | 6 | 30 | 97 |
| 3 | टर्नर | 13 | | 10 | | | 6 | | 20 | 2 | | | 51 |
| 4 | मशीनिस्ट | 10 | 6 | 5 | | 7 | 19 | | 20 | 16 | 6 | 15 | 104 |
| 5 | इलेक्ट्रीशियन | | | | 20 | 8 | 10 | 1 | | 20 | 6 | | 65 |
| 6 | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | | | | 18 | | | | | | | | 18 |
| 7 | फाउंड्रीमैन | | | | | | | 4 | | | | | 4 |
| | **कुल** | 75 | 38 | 20 | 43 | 31 | 75 | 6 | 50 | 72 | 30 | 75 | 515 |

**ऊपर दर्शाई गई मानव शक्ति की आवश्यकता अस्थायी है और आगे के मूल्यांकन के आधार पर वास्तविक आवश्यकता भिन्न हो सकती है। श्रेणीवार आरक्षण इस संबंध में जारी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।*

**नोटः**

1. कंपनी नीति के अनुसार, "आर्टिज़ंस ग्रेड – IV" की रिक्तियां आंशिक रूप से अनुकंपा के आधार पर बीएचईएल के मृत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए आरक्षित हैं। इस श्रेणी के अंतर्गत कौन / कैसे आवेदन कर सकता है, के सभी संबंधित विवरण हमारी वेबसाइट **http://careers-bhel-in** पर "कंपेशनेट कन्सिड्रेशन" लिंक में दिए गए हैं। यदि योग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण ये रिक्तियां नहीं भरी जातीं, तो वे खुले चयन के माध्यम से भरी जा सकती हैं।
2. उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि, **उपरोक्त सभी रिक्तियों के लिए, कंप्यूटर आधारित परीक्षा उसी दिन होगी, यानी सितंबर मध्य (अस्थायी)** और उम्मीदवारों को सावधानीपूर्वक अपनी पसंद की विनिर्माण इकाई में, अपने संबंधित ट्रेडों में उपलब्ध रिक्तियों के लिए आवेदन करना चाहिए, क्योंकि **एक** उम्मीदवार केवल **एक** इकाई की रिक्तियों के लिए ही आवेदन कर सकता है।
3. इस भर्ती के अंतर्गत "आर्टिज़ंस ग्रेड–IV" के रूप में चयनित अभ्यर्थियों को **नियुक्ति की तिथि से कम से कम 20 वर्षों तक** अपने आवंटित विनिर्माण इकाई में कार्य करना होगा।

**आरक्षण और छूटः**

उपरोक्त रिक्तियां निम्नप्रकार आरक्षित हैं:

| इकाइयां | | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | PWD | EXSM |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(A)** | **BAP** | 31 | 7 | 22 | 14 | 1 | **75** | 3 | 11 |
| **(B)** | **HPVP** | 18 | 3 | 9 | 6 | 2 | **38** | 2 | 5 |
| **(C)** | **HERP** | 8 | 2 | 5 | 3 | 2 | **20** | 1 | 2 |
| **(D)** | **EDN** | 19 | 4 | 11 | 6 | 3 | **43** | 2 | 6 |
| **(E)** | **FSIP** | 13 | 3 | 8 | 6 | 1 | **31** | 1 | 1 |
| **(F)** | **HEEP** | 40 | 7 | 9 | 13 | 6 | **75** | 3 | 10 |
| **(G)** | **CFFP** | 3 | 0 | 1 | 1 | 1 | **6** | 0 | 1 |
| **(H)** | **HPEP** | 22 | 4 | 13 | 8 | 3 | **50** | 19 | 8 |
| **(I)** | **HEP** | 31 | 7 | 10 | 10 | 14 | **72** | 11 | 10 |
| **(J)** | **TP** | 13 | 3 | 8 | 6 | 0 | **30** | 2 | 4 |
| **(K)** | **HPBP** | 34 | 7 | 20 | 14 | 0 | **75** | 4 | 10 |

1. PWD उम्मीदवारों के लिएः बीएचईएल में आर्टिज़ंस ग्रेड – IV के पद चिह्नित हैं: **OH के लिएः** लोकोमोटर डिसेबिलिटी (OA या OL), कुष्ठ रोग ठीक, बौनापन और एसिड अटैक विक्टिम, **VH के लिएः** कम दृष्टि **HH के लिएः** बधिर और कम सुनाई देना, वाणी और भाषा विकलांगता।
2. निम्नलिखित श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नप्रकार है: –
   - SC/ST: – 5 वर्ष तक
   - OBC (NCL): – 3 वर्ष तक
   - विकलांग व्यक्ति उम्मीदवारः – सामान्य के लिए 10 वर्ष – OBC (NCL) के लिए 13 वर्ष – SC/ST के लिए 15 वर्ष तक।
   - भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट प्रचलित सरकारी नियमों के अनुसार होगी।
   - उन उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट है जो 1.1.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में सामान्यतः निवासी रहे हैं।

**योग्यता और ऊपरी आयु सीमाः**

| शैक्षणिक योग्यता | ऊपरी आयु सीमा (1 जुलाई, 2025 को) |
|---|---|
| कक्षा $X^{th}$ **प्लस** नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (NTC / ITI) **प्लस** संबंधित ट्रेड में नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (NAC)<br>**न्यूनतम के साथ**<br>सामान्य और OBC उम्मीदवारों के लिए 60% अंक और SC व ST उम्मीदवारों के लिए NTC/ITI और NAC दोनों में 55% अंक। | **सामान्य / EWS – 27 वर्ष**<br>**OBC (NCL) – 30 वर्ष**<br>**SC/ST – 32 वर्ष**<br>– PWD/भूतपूर्व सैनिक छूट सरकारी नियमों के अनुसार होगी।<br>– निर्धारित प्रारूप में संबंधित कार्य अनुभव के आधार पर 07 वर्ष तक की आयु छूट (#) |

*वांछनीयः आंध्र प्रदेश / तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक आधारित इकाइयों के लिए क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान तथा अन्य इकाइयों के लिए हिंदी का ज्ञान।*

**वेतन और लाभः**

चयनित उम्मीदवार एक वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम करेंगे, जिसके दौरान उन्हें कंपनी की नीति के अनुसार समेकित वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस अस्थायी अवधि के सफल समापन पर, वे नियमित संस्थापना में **आर्टिजन ग्रेड–IV** के रूप में नियमित किए जाएंगे और नियमितीकरण के समय प्रचलित लागू भत्तों के साथ 29500 – 65,000 रुपये के वेतनमान के न्यूनतम पर रखे जाएंगे। नियमित संस्थापना में नियमितीकरण प्रचलित कंपनी नियमों के अनुसार होगा।

**चयन प्रक्रिया**

चयन प्रक्रिया का विवरण और आवेदन करने के निर्देश **16 जुलाई, 2025** तक बीएचईएल करियर वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे। अधिक विवरण के लिए कृपया **https://careers.bhel.in** देखें।

Size:- 20(w) x 38(h)